ग्रामीणों के बीच राशन व किट बांटेगी संस्था

हिन्दुस्तान टीम,चक्रधरपुर
Last Modified: Sun, Apr 05 2020. 16:27 IST

लॉकडाउन के दौरान ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के घरों में चूल्हा जलता रहे, इसके लिए स्थानीय प्रशासन व प्रदान संस्था द्वारा संयुक्त रूप से पहल शुरू की गई है। शनिवार को चक्रधरपुर बीडीओ राम नारायण सिंह ने चक्रधरपुर अनुमंडल के चक्रधरपुर, बंदगांव और सोनुवा प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में घूमकर राशन वितरण करने वाले वाहनों को रवाना किया। सभी वाहन गांवों में जाकर जरूतमंद लोगों के बीच खाद्य सामग्री का किट वितरण करेंगे। प्रदान संस्था द्वारा बनाये गये कीट में चावल, दाल, आलू, तेल, नमक, हल्दी और साबुन आदि सामग्री शामिल है। प्रदान संस्था स्थानीय मुंडा, मुखिया सहित पंचायत और प्रखंड पदाधिकारियों के साथ मिलकर राशन कीट वितरण करेंगे।